भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: **2274**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 09 दिसंबर, 2024
18 अग्रहायण,1946 (शक)

## चित्रदुर्ग किले का विकास

2274. **श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कर्नाटक राज्य में संस्कृति के संवर्धन/विकास के लिए कोई प्रयास किए हैं अथवा करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने कर्नाटक राज्य के चित्रदुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चित्रदुर्ग किले, चन्द्रावल्ली गुफाओं और अन्य पर्यटन स्थलों के संवर्धन/विकास के लिए कोई प्रयास किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के प्रत्येक वर्ष के दौरान चित्रदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटक राज्य में संस्कृति के संवर्धन/विकास के लिए प्रदान की गई निधियों का जिला-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त निर्वाचन क्षेत्र में उक्त निधि से किए गए संवर्धनात्मक/विकासात्मक कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क):कर्नाटक राज्य स्थित 506 स्मारकों सहित 3696 केंद्रीय संरक्षित स्मारकों/स्थलों की देखभाल और रख-रखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है। संस्कृति मंत्रालय, अपनी विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता के साथ-साथ कला और सांस्कृतिक धरोहर के परिरक्षण के लिए संगोष्ठियां, कार्यशालाओं, प्रदर्शनियों, जागरूकता अभियानों आदि जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है। निर्मित धरोहर के संबंध में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय संरक्षण नीति और प्राचीन संस्मारक तथा पुरात्तवीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 के उपबंधों के अनुसार, प्राचीन स्मारकों तथा पुरातत्वीय स्थलों और अवशेषों का संरक्षण, परिरक्षण एवं रख-रखाव करता है।

(ख):चित्रदुर्ग जिला में चित्रदुर्ग किला और प्रागैतिहासिक स्थल चंद्रावली संरक्षित स्मारक / स्थल है जिसकी देख भाल और रख-रखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किया जाता है चित्रदुर्ग किले में संरक्षण और विकास कार्य भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए जाते हैं।

(ग):पिछले पांच वर्षों के दौरान चित्रदुर्ग निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटर राज्य में स्मारकों के रख-रखाव सहित विकास और संरक्षण के लिए प्रदान की गई निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है

| क्र.सं | वर्ष | आवंटित निधियां (राशि करोड़ रूपए में ) |
|---|---|---|
| 1. | 2019-20 | 28.55 |
| 2. | 2020-21 | 20.77 |
| 3. | 2021-22 | 25.07 |
| 4. | 2022-23 | 39.93 |
| 5.. | 2023-24 | 39.16 |

(घ):पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रदान की गई निधियों और चित्रदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के रख-रखाव सहित विकास और संरक्षण संबंधी किए गए कार्यों का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 09.12.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 2274 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

पिछले पांच वर्षों के दौरान चित्रदुर्ग लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में स्मारकों के रखरखाव सहित विकास और संरक्षण के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि और किए गए कार्यों का ब्यौरा

(राशि रु. में)

| क्रम सं. | लोकमान्य तिलक नगर में स्मारक का नाम चित्रदुर्ग विधानसभा क्षेत्र | वित्त वर्ष 2019-20 में उपलब्ध कराई गई धनराशि | वित्त वर्ष 2020-21 में उपलब्ध कराई गई धनराशि | वित्त वर्ष 2021-22 में उपलब्ध कराई गई धनराशि | वित्त वर्ष 2022-23 में उपलब्ध कराई गई धनराशि | वित्त वर्ष 2023-24 में उपलब्ध कराई गई धनराशि | किये गये कार्यों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अशोक के शिलालेख ब्रह्मगिरी | 65711 | 36464 | 281190 | 562006 | 249916 | स्मारक की पहरा और निगरानी एवं नियमित रखरखाव |
| 2. | प्रागैतिहासिक स्थल ब्रह्मगिरी | 163975 | 13667 | 159845 | 255671 | 249916 | स्मारक की पहरा और निगरानी एवं नियमित रखरखाव |
| 3. | प्रागैतिहासिक स्थल चंद्रवल्ली | 125512 | 61867 | 149739 | 224594 | 285352 | स्मारक की पहरा और निगरानी एवं नियमित रखरखाव |
| 4. | पहाड़ी पर किले और मंदिर चित्रदुर्ग | 13990221 | 5683614 | 8866528 | 9371202 | 4439924 | ग्रेनाइट फ़्लोरिंग कार्य, पहरा और निगरानी, बिजली भुगतान, स्मारक का नियमित रखरखाव, किलेबंदी दीवार का जीर्णोद्धार, उपभोग्य सामग्रियों की खरीद, जलापूर्ति का प्रावधान, बिजली अवरोधक का प्रावधान, सीसीटीवी कैमरा और किलेबंदी दीवार की संरचनात्मक मरम्मत |
| 5. | शिलालेख और जट्टिंगी रामेश्वर मंदिर, रामेश्वर पहाड़ी | 99955 | 9750 | 27609 | 2300 | 249915 | स्मारक की पहरा और निगरानी एवं नियमित रखरखाव |
| 6. | अक्का-तांगी मंदिर और अशोक शिलालेख एम्मेटमन्ना गुंडू सिद्दापुरा | 83939 | 29087 | 240808 | 362671 | 277718 | स्मारक की पहरा और निगरानी एवं नियमित रखरखाव |

*****